

लॉकडाउन के बाद ट्रायल

असोसिएशन चाहता है कि ज्योति लॉकडाउन के बाद ट्रायल दें और ट्रेनिंग लेकर इंटरनैशनल लेवल पर देश का नाम रौशन करें। कोरोना वायरस के खत्म होने के बाद इस साहसी बेटी पर लोगों की निगाहें होंगी। हालांकि, पिछले एक वर्ष की बात करें तो इस तरह का यह पहला मामला नहीं है, जबकि किसी के सोशल मीडिया पर पॉपुलर होने के बाद खेल संगठन ट्रायल लेने के लिए आगे आया है। पिछले एक वर्ष की बात करें तो कई ऐसी प्रतिभाएं सामने आई हैं।

## मजबूरी ने बनाया बहादुर बेटी ज्योति कुमारी को हीरो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोरोना काल में 1200 किमी तक पिता को लादकर साइकिल पर गुरुग्राम से दरभंगा गांव पहुंची साहसी बेटी ज्योति को साइकिलिंग असोसिएशन ने ट्रेनिंग का ऑफर दिया है। देखा जाए तो पिछले एक वर्ष की बात करें तो इस तरह का यह पहला मामला नहीं है, जबकि किसी के सोशल मीडिया पर पॉपुलर होने के बाद खेल संगठन ट्रायल लेने के लिए आगे आया है।

मजबूरी ने बनाया बहादुर बेटी ज्योति कुमारी को हीरो, सोशल मीडिया से इन सनसनी को भी मिली पहचान यह कोरोना काल में जारी लॉकडाउन की वजह से मजबूरी ही थी, जिसने एक बमुश्किल 15 वर्षीय बिहार की बेटी ज्योति कुमारी में हाथी सा दम भर दिया और वह 8 दिनों तक अनवरत साइकिल चलाती रही। जब तक वह 1200 किमी की थका देने वाली यात्रा के बाद घर पहुंचती तब तक वह लोगों के लिए मिसाल बन चुकी थी। हर कोई उसके बारे में बात कर रहा था। वीडियो सोशल मीडिया पर छा चुका था। नई इंटरनेट सनसनी इस बहादुर बेटी को अब भारतीय साइकिलिंग असोसिएशन ने बड़ा ऑफर दिया है।

# इस साल टी20 वर्ल्ड कप टलना तय अगले सप्ताह हो सकती है घोषणा

## फिलहाल इसके तीन विकल्पों पर किया जा रहा है विचार

**क्रिकेट**

■ऑस्ट्रेलिया को वर्ल्ड कप को फरवरी–मार्च में करवाने में कोई परेशानी नहीं

■आईसीसी की बैठक में तीन अहम मुद्दों पर चर्चा होनी है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। इस साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप का टलना तय है। पहले इसका आयोजन अक्टूबर–नवंबर में करवाया जाना था लेकिन कोरोना वायरस के चलते अब इसे टाला जा सकता है। इसकी आधिकारिक घोषणा अगले सप्ताह की जाएगी।

क्रिकेट प्रशासकों, खास तौर पर आईसीसी और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से जुड़े अधिकारियों के सामने बड़ा सवाल है कि आखिर अब टी 20 वर्ल्ड कप कब करवाया जाएगा? अभी फिलहाल इसके तीन विकल्पों पर विचार किया जा रहा है




1. क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को इस वर्ल्ड कप को फरवरी–मार्च में करवाने में कोई परेशानी नहीं। लेकिन इसके साथ एक समस्या है। और वह टी20 का ओवरडोज। अप्रैल में अगले साल का आईपीएल होना है। इसके साथ ही इंग्लैंड का भारत दौरा भी संकट में पड़ सकता है। इसके साथ ही प्रसारणकर्ता का भी अपना पक्ष है।

2. बीसीसीआई क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को 2021 के टी20 वर्ल्ड कप के आयोजन करवाने देने के लिए राजी हो जाए। और 2022 में अपने यहां टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन करवा ले। इस आइडिया में मुश्किल यह है कि बीसीसीआई और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के बीच इस साल के आखिर में टेस्ट सीरीज का आयोजन करवाना चाहता है। एक करीबी सूत्र ने बताया, कोई वजह नहीं कि बीसीसीआई टी20 वर्ल्ड कप स्विच करने के लिए राजी हो जाए।

3. ऑस्ट्रेलिया 2020 की बजाए 2022 में वर्ल्ड कप का आयोजन करवा ले। अगर ऐसा होता है तो यह ज्यादातर खिलाड़ियों को, आईसीसी और सभी को सूट करता है।

जहां तक इस साल के संस्करण को टालने की बात है इसकी घोषणा 26 से 28 मई के बीच की जा सकती है। इसी दौरान आईसीसी के सदस्य बोर्ड्स के बीच टेलीकॉन्फ्रेंस से बातचीत होनी है। दरअसल, आईसीसी की बैठक में तीन अहम मुद्दों पर चर्चा होनी है।

पहला टी20 वर्ल्ड कप को टालना। दूसरा, नए चैयरमैन के लिए चुनाव करवाने की तारीख की डेडलाइन तय करना और तीसरा इलेक्शन की तारीख और प्रक्रिया पर फैसला करना।

# विराट कोहली ने शेयर की केन विलियसमसन के साथ पुरानी तस्वीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■कीवी टीम को पसंद न करना बहुत मुश्किल है

नई दिल्ली। क्रिकेट को भद्रजनों का खेल जाता है। हालांकि इसमें काफी अग्रेशन और आक्रामकता आ गई है लेकिन इसके बावजूद कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जो खेल की इस परंपरा को बनाए रखे हुए हैं। इनमें से एक हैं न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाड़ी केन विलियमसन। अगर दुनिया में भद्रजनों की टीम बने तो विलियमसन उसके कप्तान हो सकते हैं।

इस साल जनवरी में जब भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड का दौरा किया था तब भारतीय कप्तान विराट कोहली ने भी माना था कि कीवी टीम का व्यवहार इतना अच्छा है कि उसे नापसंद किया ही नहीं जा सकता। कोहली से यह सवाल साल 2019 के वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में मिली हार के संदर्भ में पूछा गया था कि क्या उस मुकाबले की हार को लेकर उनके दिमाग में बदले जैसी कोई भावना थी। इस पर कोहली ने कहा था कि कीवी टीम को पसंद न करना बहुत मुश्किल है।

कोहली और विलियमसन की दोस्ती भी काफी पॉप्युलर है। न्यूजीलैंड दौरे पर तो सोशल मीडिया पर यहां तक कहा गया कि था कि कोहली अपनी दोस्ती के लिए अग्रेशन कम कर रहे हैं। कोहली और विलियमसन की बाउंड्री लाइन के पार बैठे हुए तस्वीर भी काफी वायरल हुई थी।



हालांकि कैप्टन कोहली इन सब बातों से बेपरवाह रहे।

शुक्रवार को भारतीय कप्तान ने सोशल मीडिया पर विलियमसन के साथ एक पुरानी तस्वीर साझा की। कोहली ने इसके साथ कैप्शन दिया हमारी बातों का मजा आता है। अच्छा इनसान।

## लॉर्ड्स के बाद सौरभ गांगुली की एक और बालकनी तस्वीर वायरल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सौरभ गांगुली को शायद बालकनी से बहुत प्यार है। और कुछ फैंस को लगता है कि यह लव स्टोरी वीर–जारा से बेहतर है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष सौरभ गांगुली भी इन दिनों अपना वक्त घर पर ही बिता रहे हैं। कोरोना वायरस महामारी के चलते सारी दुनिया ठहरी हुई है और गांगुली भी कोलकाता में अपने घर पर ही हैं। पूर्व भारतीय कप्तान गांगुली ने घर की बालकनी में खड़े होकर एक आम का पेड़ खींचा और उसे दोबारा फिक्स किया। गांगुली ने तस्वीर पोस्ट की। इस तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन दिया– इधर में आम के पेड़ को उठाना जरूरी था। इसे ऊपर खींचा गया और दोबारा फिक्स किया गया। गौरतलब है कि महातूफान अम्फान के चलते पश्चिम बंगाल और ओडिशा में काफी तबाही हुई है। कोलकाता में भी इस महातूफान ने काफी नुकसान पहुंचाया। गांगुली की इस तस्वीर के बाद कॉमेंट्स की झड़ी लग गई। कई फैंस ने इस बालकनी की इस तस्वीर को लॉर्ड्स के नेटवेस्ट ट्रॉफी से जोड़कर कॉमेंट करना शुरू कर दिया।

## न्यूज डायरी




## सुपरहीरो थॉर अवतार में दिखे डेविड वॉर्नर, हथौड़े की तरह उछलकर बल्ला आया पास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज ओपनर डेविड वॉर्नर सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। कोरोना वायरस के खौफनाक दौर में वह इंटरनेट सनसनी बनकर उभरे हैं। कभी वह बॉलिवुड स्टार्स के गानों पर थिरकते दिखते हैं तो कभी तेलुगू। इस बार वह एक कदम और आगे बढ़ गए हैं। उन्होंने हॉलिवुड अवतार का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। वीडियो में वह सुपरहीरो थॉर के अवतार में दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में ओपन ग्राउंड में खड़े डेविड वॉर्नर से काफी दूर बल्ला रखा दिख रहा है। जब वह उसे बुलाने के लिए हाथ बढ़ाते हैं तो वह उछलकर उनके हाथ में आ जाता है। इसे बाद उनके अंदर बिजली सी कौंध जाती है। यह बिल्कुल हॉलिवुड फिल्म थॉर की तरह है। फिल्म थॉर ऐसगार्ड के सुपरहीरोज पर केंद्रित है, जिसमें लीड कैरेक्टर क्रिस हेम्सवर्थ थॉर के रोल में नजर आते हैं। फिल्म थॉर और अवेंजर्स सीरीज में थॉर का प्रमुख हथियार हथौड़ा (जिसे म्यूनियर भी कहते हैं) है।

## इंग्लैंड के दौरे को सौदे के रूप में इस्तेमाल नहीं करेंगे: पीसीबी सीईओ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान इन गर्मियों में इंग्लैंड का दौरा करने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी वसीम खान ने कहा कि पीसीबी इस सीरीज को लाभ उठाने वाला सौदे के रूप में इस्तेमाल करने की योजना नहीं बना रहा है। अगर कोविड–19 महामारी के चलते इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड का पूरा सत्र नहीं हो पाया तो उसे 38 करोड़ पौंड का नुकसान होने की आशंका है। ईसीबी उम्मीद कर रहा है कि कोविड–19 महामारी के चलते जो सीरीज स्थगित हुई हैं, उन्हें फिर से अन्य तारीख में कराकर क्रिकेट शुरू किया जाए जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू सीरीज भी शामिल है। यह पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के लिए बढ़िया मौका दिखता है कि वह इंग्लैंड के साथ इस दौरे के एवज में अपने देश का दौरा करने का एक सौदा करे जिसने अन्य कई देशों की तरह सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है। खान ने कहा, 'अब से 2022 के बीच काफी क्रिकेट खेला जाना है, मुझसे कई बार यह सवाल पूछा गया है कि क्या इसमें कोई सौदा हुआ है? क्या कुछ होगा?'

## भारतीय टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे की संभावना 90 प्रतिशतः क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया सीईओ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी केविन राबर्ट्स ने कहा है कि भारतीय टीम के इस साल के आखिर में चार टेस्ट की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने की 90 प्रतिशत संभावना है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इस समय काफी आर्थिक दबाव में है और उसे हर हालत में इस सीरीज की जरूरत है। इसके जरिए उसे प्रसारण अधिकार के 30 करोड़ डॉलर मिलेंगे। कोरोना वायरस महामारी के कारण उसे अपने 80 प्रतिशत स्टाफ को जून तक 20 प्रतिशत वेतन पर रखना पड़ रहा है। यह सीरीज अक्टूबर से जनवरी 2021 के बीच खेली जाएगी। राबर्ट्स ने न्यूज कोर से कहा, 'आजकल कुछ भी निश्चित नहीं है। मैं यह नहीं कहूंगा कि दौरे की संभावना दस में से दस है लेकिन दस में से नौ जरूर है।' उन्होंने कहा, 'अभी कुछ कह नहीं सकते कि दर्शक होंगे या नहीं। अगर भारत का दौरा नहीं होता है तो मुझे हैरानी होगी।'

## कोरोनाः देश में बॉक्सिंग को हरी झंडी, पर लगा यह नियम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में जब भी मुक्केबाजी के मुकाबले बहाल होंगे, कोरोना वायरा महामारी के मद्देनजर वे दर्शकों के बिना होंगे और वातानुकूलित जगहों की बजाय अच्छे हवादार स्थानों पर होंगे और 60 वर्ष से अधिक उम्र के अधिकारी प्रतियोगिता स्थल पर नहीं जा सकेंगे। मुक्केबाजी में अभ्यास और प्रतियोगिताओं की बहाली को लेकर 19 पन्ने की मानक संचालन प्रक्रिया में भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने स्वास्थ्य को लेकर वही दिशा निर्देश रखे हैं जिनका सुझाव भारतीय खेल प्राधिकरण ने दिया है। इसमें एक पन्ना उन प्रोटोकॉल का है जो राष्ट्रीय स्तर पर मुक्केबाजी स्पर्धायें बहाल होने पर अमल में लाया जायेगा।